उत्तर प्रदेश सरकार

**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

# सूचना/विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा के जिला/नगर व दिनांक की सूचना एवं प्रवेश–पत्र के लिंक के सम्बन्ध में।**

संख्याः पीआरपीबी–चार–1–3–(लि0सं0)/2023 दिनांकः अक्टूबर 24 ,2025

उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा दिनांक 02–11–2025 को 10 जनपदों के चयनित परीक्षा केन्द्रों पर 01 पाली में (प्रातः 10:00 से 12:30 बजे तक) आयोजित की जा रहीं है।

2– सभी अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा की तिथि, परीक्षा के लिए आवंटित जिला/नगर की सूचना का लिंक भर्ती बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर दिनांक 24–10–2025 को प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करके अपनी सूचना चेक कर लें।

3– लिखित परीक्षा हेतु सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र परीक्षा की तिथि से 03 दिवस पूर्व बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगें, जिसमें परीक्षा की तिथि व समय के साथ परीक्षा केन्द्र का नाम व पते की सूचना अंकित होगी। अभ्यर्थीगण वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर अपना पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि अंकित कर अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेगें। प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने हेतु लिंक तत्समय बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा।

4– लिखित परीक्षा के प्रवेश–पत्र को डाउनलोड करने में अभ्यर्थियों को, यदि कोई समस्या हो, तो वह **हेल्पलाइन नम्बर–8064526226 helpdesk@asimexams.com** पर सम्पर्क कर सकता है।

5– उक्त सम्बन्ध में समस्त सूचनायें बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी, जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।
24/10/25